आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 24.08.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– राज्य सरकार छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।
- प्रदेश सरकार मध्याह्न भोजन योजना के तहत राज्य के सरकारी स्कूलों को दो गैस सिलेंडर और एक चूल्हा उपलब्ध कराएगी।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के आपदा प्रभावित क्षेत्र मालदेवता और सेरकी में राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**भारत दर्शन**

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि राज्य सरकार छात्रों को बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। आज देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि नए शैक्षिक सत्र से प्रत्येक ब्लॉक से दो मेधावी छात्रों को भारत दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को मुफ्त किताबें, ड्रेस और नोटबुक देने का प्रावधान किया गया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति पर बोलते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी नहीं होने दी जाएगी। डॉ. रावत ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए तीन हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने का काम प्रगति पर है, जबकि आने वाले महीनों में 1500 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी।

## सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार दो हजार आठ सौ इकहत्तर विद्यालयों में मिड डे मील योजना के तहत बनने वाले भोजन के लिए स्कूलों को दो गैस सिलेंडर और एक चूल्हा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते हुए ये घोषणा की। इस अवसर पर श्री धामी ने छात्र–छात्राओं का आह्वान किया कि वे जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां अग्रणी रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश और राज्य का भविष्य युवाओं और छात्रों के हाथ में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूली और उच्च शिक्षा को नए आयाम मिलेंगे, कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को दक्ष बनाया जाएगा। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है।

## प्रदर्शनी

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर तथा बड़े उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। श्री गोयल ने नई दिल्ली में दसवें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्टअप प्रदर्शनी और सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि एमएसएमई बड़े उद्योगों और कारोबारियों के लिए उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर्यटन और बुनियादी ढांचा विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री गोयल ने कहा कि सरकार गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के माध्यम से एमएसएमई की मदद कर रही है, जिससे उन्हें विदेशों से अनुचित प्रतिस्पर्धा से सुरक्षा मिलती है।

## रेशम उत्पादन

प्रदेश सरकार चंपावत जिले के किसानों को रेशम उत्पादन से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है। इसके लिए जिले में 10 हेक्टेयर भूमि में रेशम फार्म का निर्माण किया जा रहा है। योजना के तहत पहले चरण में जिले की 11 ग्राम पंचायतों के 2 सौ 50 किसानों की भूमि पर शहतूत और मणिपुरी बाँज के पौधे रोपे गए हैं, ताकि किसान रेशम उत्पादन कर अपना रोजगार कमा सकें। रेशम विभाग के जिला प्रभारी जीवन खर्कवाल ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जिले में रेशम फार्म का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में जिले के किसान रेशम उत्पादन कर अपनी आजीविका बढ़ा सकेंगे।

## मालदेवता और सेरकी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के मालदेवता और सेरकी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। श्री जोशी ने अधिकारियों को स्थिति सामान्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सेरकी में नाले को चौड़ा करने के लिए आगणन तैयार करने और किसानों की फसलों को हुए नुकसान का जल्द सर्वेक्षण कर मुआवजा देने को कहा।

उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें आंशिक क्षति के लिए तत्काल राहत राशि के चेक भी सौंपे।

## टिहरी आपदा प्रभावित गांव

टिहरी जिले में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गांवों में क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों की मरम्मत का कार्य जल्द मनरेगा और अन्य योजनाओं से किया जाएगा। जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने यह जानकारी दी।

गौरतलब है कि 21 अगस्त को जिले के भिलंगना विकास खंड के जखन्याली, मुयाल गांव, तोली, कोट, जखाणा समेत एक दर्जन गांवों में अतिवृष्टि से भारी नुकसान हुआ था।

## एक पेड़ मां के नाम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले के गैरसैंण स्थित विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। हरेला पर्व से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण का वृहद अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के साथ जन सहयोग भी लिया गया। गौरतलब है कि विधानसभा गैरसैंण में 04 हजार फलदार पौधे लगाए गये हैं।

## सचिव आपदा बैठक– बागेश्वर

बागेश्वर के जिला प्रभारी और आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर शिकायतकर्ता की समस्याओं का समाधान के लिए उनकी बात को गम्भीरता से सुनने के निर्देश दिए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिले में कीवी उत्पादन को और बढ़ावा देने के साथ ही घेस कुटकी आदि जड़ी बूटियों और ताम्र उद्योग को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## ड्रग्स–फ्री देवभूमि

नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स ने उधमसिंह नगर में चल रही नकली शराब की फैक्ट्री से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान टीम ने फैक्ट्री के अंदर से भारी मात्रा में नकली शराब, केमिकल, उत्तराखंड सरकार के जाली होलोग्राम, गुलाब

ब्रांड के रैपर और कच्चा माल बरामद किया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

## कृमि मुक्ति दवा

राज्य के 37 लाख से अधिक बच्चों को कृमि मुक्ति के लिए दवाई खिलाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। देहरादून के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सभागार में राष्ट्रीय कृमि दिवस आयोजन के लिए मिशन निदेशक, एन.एच.एम., स्वाति एस भदौरिया, की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य के सभी हितधारी विभाग शामिल हुए। मिशन निदेशक ने बताया कि प्रदेश भर में 10 सितंबर को 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवाई खिलाई जाएगी। जो बच्चे कृमि मुक्ति की दवाई खाने से छूट जाएंगे उन्हें 18 और 19 सितंबर को यह दवाई दी जाएगी।